आकाशवाणी केन्द्र शिमला
29.09.2024 / प्रादेशिक समाचार / 1800बजे

मन की बात

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि मेक इन इंडिया पहल के कारण भारत विनिर्माण शक्ति केन्द्र बन गया है। आकाशवाणी से आज मन की बात कार्यक्रम में उन्होंने कहा कि इस अभियान से निर्धन और मध्यम वर्ग सहित सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यमों को काफी लाभ हुआ है। इस अभियान ने प्रत्येक वर्ग के लोगों को अपनी प्रतिभा प्रदर्शित करने का अवसर दिया है। इस वर्ष 2 अक्तूबर को 10 वर्ष पूरा कर रहे स्वच्छ भारत मिशन की सफलता का उल्लेख करते हुए प्रधानमंत्री ने इस मिशन को जन अभियान बनाने वाले लोगों की सराहना की। उन्होंने कहा कि ये सफलता राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के प्रति एक सच्ची श्रद्धांजलि है जिन्होंने अपना पूरा जीवन इस उद्देश्य के लिए समर्पित किया है। प्रधानमंत्री ने मन की बात कार्यक्रम के 10 वर्ष पूरा होने पर आकाशवाणी, दूरदर्शन और प्रसार भारती के कर्मचारियों के प्रयासों की सराहना भी की। उन्होंने देशवासियों को आगामी त्योहारों के लिए अपनी शुभकामनाएं भी दीं।

मैराथन

राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल ने शिमला के रिज मैदान से आज हिमाचल पुलिस हाफ मैराथन को हरी झण्डी दिखाई। इस मैराथन में प्रतिभागियों ने नशामुक्त हिमाचल के लिए दौड़ लगाई और समाज को नशामुक्त बनाने का संदेश दिया गया। इस अवसर पर राज्यपाल ने हिमाचल प्रदेश को नशामुक्त बनाने के लिए सभी से एकजुट होकर कार्य करने का आह्वान किया। उन्होंने उम्मीद जताई कि पुलिस का ये प्रयास नशामुक्त हिमाचल के अभियान को घर–घर तक पहुंचाने में सहायक सिद्ध होगा। राज्यपाल ने नशामुक्ति के लिए पंचायत स्तर पर कार्यक्रम चलाने पर बल दिया। इस बीच, ग्रामीण विकास मंत्री अनिरूद्ध सिंह ने मैराथन के विजेता प्रतिभागियों को सम्मानित किया। प्रदेश पुलिस महानिदेशक अतुल वर्मा भी इस दौरान मौजूद रहे।

अभियान

प्रदेश में नशे की समस्या से निपटने के लिए सरकार जल्द ही नशामुक्त हिमाचल अभियान शुरू करने जा रही है। मुख्यमंत्री सुखविन्दर सिंह सुक्खू ने आज शिमला में बताया कि इस अभियान में नशे की रोकथाम, नशा करने वालों की शीघ्र पहचान और नशे से पीड़ित लोगों को वापस मुख्य

धारा में लाने पर ध्यान केन्द्रित करते हुए त्रिस्तरीय रणनीति बनाई गई है। उन्होंने कहा कि सरकार नशे की आपूर्ति को तुरंत नियंत्रित करने और इसकी मांग को कम करने के लिए उचित रणनीतियों पर काम कर रही है। मुख्यमंत्री ने बताया कि नशामुक्त हिमाचल अभियान में विभिन्न सरकारी विभागों सहित सभी प्रमुख हितधारकों को शामिल किया जाएगा। अभियान में ज़मीनी जागरूकता कार्यक्रमों के साथ–साथ व्यापक प्रचार के लिए सोशल मीडिया को भी शामिल किया जाएगा।

शांडिल

प्रदेश में राजीव गांधी प्राकृतिक खेती स्टार्ट–अप योजना के पहले चरण में 36 हज़ार किसानों को प्राकृतिक खेती से जोड़ा जाएगा। स्वास्थ्य मंत्री धनीराम शांडिल ने आज सोलन ज़िले की नौणी मझगांव पंचायत में एक किसान मेले के समापन अवसर पर कहा कि राज्य सरकार प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने के लिए वचनबद्ध है। उन्होंने बताया कि प्राकृतिक खेती के उत्पादों को बेहतर मूल्य दिलवाने के लिए 10 नए किसान उत्पादक संगठन बनाए जाएंगे। इस वर्ष इस कार्य पर 50 करोड़ रूपए खर्च होंगे।

कृषि मंत्री

कृषि मंत्री चंद्र कुमार ने कहा है कि कांगड़ा ज़िले के ज्वाली विधानसभा क्षेत्र में प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तीसरे चरण में 9 सड़कों का उन्नयन किया जाएगा। इस कार्य पर करीब 76 करोड़ रूपए की राशि खर्च की जाएगी। वे आज ज्वाली क्षेत्र में चेलियां से खब्बल सड़क के स्तरोन्नयन कार्य के शुभारम्भ पर बोल रहे थे। कृषि मंत्री ने कहा कि राज्य सरकार सड़कों के बेहतर रखरखाव के साथ नई सड़कों के निर्माण व उन्नयन कार्य में गुणवत्ता पर ज़ोर दे रही है। उन्होंने कहा कि ज्वाली विधानसभा क्षेत्र के हर गांव को सड़क सुविधा से जोड़ने के प्रयास किए जा रहे हैं।

कार्यशाला

केंद्रीय पंचायती राज मंत्री राजीव रंजन सिंह कल नई दिल्ली में सबकी योजना–सबका विकास पर राष्ट्रीय कार्यशाला का शुभारंभ करेंगे। इस कार्यशाला का उद्देश्य पंचायत विकास की प्रभावी योजनाओं की तैयारी के लिए कर्मचारियों, निर्वाचित प्रतिनिधियों और अन्य हितधारकों को आवश्यक कौशल और रणनीति से सक्षम करना है। कार्यशाला में विभिन्न केंद्रीय मंत्रालयों, राज्य विभागों, प्रशिक्षण संस्थानों के फैकल्टी सदस्यों और पंचायत प्रतिनिधियों को साथ लाकर सर्वोतम

अनुभव साझा किया जाएगा। इस अवसर पर वित्तीय वर्ष 2025–26 के लिए पंचायत विकास योजनाओं की तैयारी से संबंधित पुस्तिका और राष्ट्रीय ग्राम स्वराज अभियान की वार्षिक कार्य योजना रिपोर्ट भी जारी की जाएगी।

....